अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) :

[कुल प्रश्नों की संख्या : 24] [Total No. of Questions: 24]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 100] [Maximum Marks : 100]

# कक्षा 9वीं वार्षिक परीक्षा, 2025
# Class 9th Annual Examination, 2025
## हिन्दी / HINDI
## [ 901 ]

**सामान्य अनुदेश :**
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित है।

**General Instructions :**
1) Write Roll No. on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

**नोट :–** सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

### खण्ड – अ

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखें –

भारतीय दर्शन सिखाता है कि जीवन का एक आशय और लक्ष्य है, उस आशय की खोज हमारा दायित्व है और अन्त में उस लक्ष्य को प्राप्त कर लेना, हमारा विशेषाधिकार है। इस प्रकार दर्शन जो कि आशय को उद्घाटित करने की कोशिश करता है और जहाँ तक उसे इसमें सफलता मिलती है, वह इस लक्ष्य तक अग्रसर होने की प्रक्रिया है। कुल मिलाकर आखिर यह लक्ष्य क्या है? बाधाएं कई हैं। पर इनमें प्रमुख है – अज्ञान। अशिक्षित आत्मा नहीं है यहाँ तक कि यथार्थ संसार भी नहीं है। यह दर्शन ही है जो उसे शिक्षित करता है और अपनी शिक्षा से उसे अज्ञान से मुक्ति दिलाता है, जो यथार्थ दर्शन नहीं होने देता। इस प्रकार एक दार्शनिक होना एक बौद्धिक अनुगमन करना नहीं है, बल्कि एक शक्तिप्रद अनुशासन पर चलना है क्योंकि सत्य की खोज में लगे हुए सही दार्शनिक को अपने जीवन को इस प्रकार आचरित करना पड़ता है ताकि उस यथार्थ से एकाकार हो जाये।

(i) अनुशासन शब्द में उपसर्ग का सही विकल्प है – (1)

(अ) अन + शासन (ब) अ + नुशासन (स) अनु + शासन (द) अ + शासन

(ii) जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने में सबसे बड़ी बाधा क्या है? (1)

(अ) अशिक्षित होना (ब) ज्ञान का अभाव

(स) अहंकार (द) यथार्थ दर्शन

(iii) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(iv) मानव जीवन का एकमात्र उद्देश्य क्या है? (1)

(v) भारतीय दृष्टि में दार्शनिक होना क्या है? (1)

(vi) भारतीय दर्शन के अनुसार हमारा लक्ष्य और दायित्व क्या है? (3)



www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

हे ग्राम देवता! नमस्कार।
सोने–चाँदी से नहीं किन्तु,
तुमने मिट्टी से किया प्यार।
हे ग्राम देवता! नमस्कार।

तुम जन–मन के अधिनायक हो,
तुम हँसो कि फूले–फले देश।
आओ सिंहासन पर बैठो,
यह राज्य तुम्हारा है अशेष।

उर्वरा भूमि के नये खेत,
ये नये धान्य से सजे वेश।
तुम भू पर रहकर भूमि भार,
धारण करते हो मनुज शेषत

(i) अधिनायक शब्द में उपसर्ग है – (1)

(अ) अधि (ब) अ (स) अध (द) नायक

(ii) भूमि शब्द का समानार्थी है – (1)

(अ) फूल (ब) आकाश (स) धरती (द) वातावरण

(iii) किसान किससे प्यार करता है? (1)

(iv) किसान को ग्राम–देवता क्यों कहा गया है? (1)

(v) जन–मन का अधिनायक किसे कहा गया है? (1)

(vi) किसान को 'मनुज–शेष' कहने का क्या आशय है? (2)

## खण्ड – ब

प्र.3 दिये गये बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। (6)

(अ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(i) प्रस्तावना
(ii) अनुशासन क्या है
(iii) अनुशासन की आवश्यकता
(iv) अनुशासन का शिक्षा में महत्त्व
(v) उपसंहार

(ब) भ्रष्टाचार – एक विकराल समस्या

(i) प्रस्तावना
(ii) भ्रष्टाचार के कारण
(iii) भ्रष्टाचार का कुप्रभाव
(iv) भ्रष्टाचार निराकरण के उपाय
(v) उपसंहार



www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

(स) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

(i) प्रस्तावना

(ii) वर्तमान में समाज की बदली मानसिकता

(iii) लिंगानुपात में बढ़ता अंतर

(iv) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एवं उसका उद्देश्य

(v) उपसंहार

(द) मोबाईल एक वरदान या अभिशाप

(i) प्रस्तावना

(ii) मोबाईल का उपयोग

(iii) मोबाईल का शिक्षा में महत्त्व

(iv) मोबाईल का दुष्प्रभाव

(v) उपसंहार

प्र.4 अध्यापक और छात्र के बीच परीक्षा की तैयारी को लेकर हुए संवाद को लिखिए। (5)

**अथवा**

स्वयं को मनोज मानते हुए अपने पिताजी से पुस्तकें खरीदने के लिए 1500 रुपये मँगवाने के लिए पत्र लिखें।

प्र.5 आपके विद्यालय में आयोजित "मातृ–पितृ पूजन दिवस" पर एक प्रतिवेदन लिखो। (4)

## खण्ड – स

प्र.6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न –

(i) अपमान शब्द में कौनसा उपसर्ग है? (1½)

(अ) अप (ब) अ (स) मान (द) अन

(ii) परसर्ग "ने" से युक्त क्रिया में होता है – (1½)

(अ) पूर्णता का अभाव (ब) अपूर्णता का अभाव

(स) निरन्तरता का अभाव (द) सम्भाव्यता का अभाव

(iii) सामाजिक शब्द में प्रत्यय है – (1½)

(अ) ई (ब) आई (स) साम (द) इक

(iv) निम्न में से 'आदि' शब्द का विलोम शब्द है – (1½)

(अ) आरम्भ (ब) अंत (स) चेतन (द) जीवन

(v) निम्न में से 'उपवन' शब्द का पर्यायवाची है – (1½)

(अ) फूल (ब) बगीचा (स) पुष्प (द) नीरज

(vi) <u>उस स्थान पर</u> दीपक जल रहा है। रेखांकित पद में कौनसा परसर्ग है? (1½)

(अ) अधिकरण (ब) करण (स) सम्प्रदान (द) अपादान

(vii) 'आँखें बिछाना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग करो। (1½)

(viii) 'अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करो व वाक्य में प्रयोग करो। (1½)

(ix) कर्ता के साथ 'ने' आने पर कौनसी क्रिया होती है? (1½)

(x) संयुक्त वाक्य की परिभाषा लिखो। (1½)



www.mseducationtv.com Scanned with OKEN Scanner

लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्र.7 जिस समय महादेवी वर्मा का जन्म हुआ उस समय समाज में लड़कियों की स्थिति की तुलना में आज क्या परिवर्तन आया है? (3)

प्र.8 उपभोक्तावाद के कारण समाज में क्या नया बदलाव आ रहा है? स्पष्ट कीजिए। (3)

प्र.9 अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा? (3)

प्र.10 कांजीहौस में पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी? (3)

प्र.11 किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया? (3)

प्र.12 कवि ने कोकिल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई? (3)

प्र.13 "मो कों कहाँ ढूँढे बंदे" पद में कबीर ने क्या संदेश दिया है? (3)

प्र.14 एक लकुटी और कामरिया पर कवि सब कुछ न्योछावर करने को क्यों तैयार है? (3)

प्र.15 गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है? (3)

प्र.16 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में कवि ने सबसे भयावह समस्या क्या बताई है? (3)

निबन्धात्मक प्रश्न –

प्र.17 'मेघ आये' कविता का सार अपने शब्दों में प्रस्तुत करते हुए बताइए। (5)

प्र.18 हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद का जो शब्द चित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया है उससे प्रेमचन्द के व्यक्तित्व की कौन–कौनसी विशेषताएं उभरकर आती हैं? https://www.rajasthanboard.com (5)

अथवा

लेखक प्रेमचन्द का जीवन परिचय लिखो।

## खण्ड – द

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्र.19 लेखिका की नानी की आजादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही? (1½)

प्र.20 बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे? (1½)

प्र.21 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के लेखक कौन हैं? (1½)

लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्र.22 खरीद बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री क्यों बढ़ गई? (3)

प्र.23 'परदानशीं' शब्द का अर्थ बताकर बताएं कि 'मेरे संग की औरतें' पाठ में यह किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? (3)

निबन्धात्मक प्रश्न –

प्र.24 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करते हुए बताइये कि समाज में महिलाओं को उचित स्थान दिलाने हेतु आप क्या प्रयास कर सकते हैं? (4½)

अथवा

'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लेखिका की माँ के व्यक्तित्व की विशेषताएं लिखिए।

---



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner